हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 20 सितंबर 2026

04 शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता, स्कूल मर्ज होते ही सांदीपनि में...



07 कलेक्टर ने खंगाली माचलपुर नगर परिषद की फाइलें,...



खबर संक्षेप



सीहोर जिले के 196 विद्यार्थियों को मिली स्कूटी की सौगात

सीहोर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी की सौगात दी। प्रदेशभर के 7,400 से अधिक मेधावी विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित हुए। इसी क्रम में सीहोर जिले के 196 मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी योजना के अंतर्गत स्कूटी प्रदान की गई है। योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आवागमन में सुविधा उपलब्ध कराना तथा उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। ई-स्कूटी मिलने से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। विद्यार्थियों ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूटी से उन्हें स्कूल, कॉलेज और उच्च शिक्षा के लिए आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा पढ़ाई जारी रखने में भी सहायता प्राप्त होगी।

शारदीय नवरात्रि की तैयारियों को लेकर शीघ्र होगी बैठक

सीहोर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सलकनपुर स्थित देवी धाम पहुंचकर माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करते हैं। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महेश उपाध्याय ने बताया कि आगामी शारदीय नवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर शीघ्र ही ट्रस्ट के सदस्यों एवं प्रशासन के अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में नवरात्रि के दौरान दर्शन व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा कर आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

सावन मास के सफल आयोजन पर पुलिस विभाग ने अपने जवानों की मेहनत को सराहा, बाकी विभाग भूले

30 लाख श्रद्धालुओं के प्रबंधन के बाद भी केवल पुलिस को मिला सम्मान, समीक्षा बैठक के दौरान एसपी-एएसपी ने पुलिस जवानों को किया सम्मानित

सीहोर। श्रावण मास के दौरान शहर में उमड़े आस्था के अपार जनसैलाब और कांवड़ यात्रा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन के बाद अब विभागों द्वारा अपने कर्मचारियों के मूल्यांकन का दौर शुरू हो गया है। इस पूरे आयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में पुलिस महकमे ने तो बाजी मार ली और अपने जवानों की दिन-रात की मेहनत को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया, लेकिन जिले के अन्य प्रशासनिक व सेवा विभाग अपने कर्मचारियों के योगदान को सराहने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं।

बता दें श्रावण मास के पूरे महीने में मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से करीब 30 लाख से अधिक श्रद्धालु सीहोर पहुंचे थे। इतने विशाल जनसैलाब की व्यवस्था संभालना किसी एक विभाग के बस की बात नहीं थी। सावन के पूरे महीने ही शहर के सीवन नदी तट से कुबेरेश्वर धाम तक कांवडियों के आने-जाने का सिलसिला चला



रहा। आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत कंपनी और नगर पालिका सहित तमाम विभागों के अधिकारी और कर्मचारी 24 घंटे मुस्तैद रहे।

सफाई मित्रों का योगदान भी भूले : विशेष रूप से नगर पालिका के सफाई मित्रों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण और सराहनीय रहा। लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी के बावजूद सफाई कर्मियों ने दिन-रात एक करके शहर को साफ सुथरा रखा और कहीं भी गंदगी का अंबार नहीं लगने दिया।

इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ ने स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से सेवाएं दीं, तो वहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की।

त्यौहारों पर मुस्तैद रहे सुरक्षा व्यवस्था

आगामी त्यौहारों को देखते हुए एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने निर्देश दिए कि सभी झांकी व पूजा पंडालों पर उपस्थिति रजिस्टर रखने, वॉलंटियर्स का सत्यापन करने, अग्नि सुरक्षा और बिजली कनेक्शनों की जांच के निर्देश दिए गए। संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त और बाइक पेट्रोलिंग बढ़ाने के आदेश दिए गए। विसर्जन स्थलों पर मजबूत बैरिकेडिंग, गोताखोर, क्रेन और लाइफ जैकेट्स तैनात रहेंगी।

60 दिन के भीतर पेश हो चालान

हत्या, लूट, डकैती, चोरी और महिला व बाल अपराधों में 60 दिवस की समय-सीमा के भीतर विवेचना पूर्ण कर कोर्ट में चालान पेश करने को कहा गया। अवैध शराब, जुआ-सट्टा, नशे के कारोबारियों और आदतन अपराधियों पर जिला बदर व रासुका की सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

एसपी कार्यालय में दिया प्रशस्ति पत्र, सम्मानित किया

एक तरफ जहां अन्य विभाग अपने कर्मचारियों के परिश्रम को भूल गए, वहीं पुलिस विभाग ने अनुशासित और सजग प्रणाली का परिचय दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में एसपी सोनाक्षी सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित जिले की मासिक अपराध समीक्षा बैठक की शुरुआत ही उत्साहवर्धन के साथ हुई। एसपी सोनाक्षी सक्सेना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने श्रावण मास में कांवड़ यात्रा, शिव पालकी यात्रा व धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने पर जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, अनुविभागीय अधिकारियों, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव, थाना प्रभारियों और पुलिस जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

रत्न जड़ित पोशाक में सजे राधा-कृष्ण, 56 भोग लगाया; राधा नाम संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

कुबेरेश्वरधाम में राधाष्टमी पर उमड़ी आस्था राधा-कृष्ण का चांदी के कलशों से हुआ महाभिषेक

पंडित प्रदीप मिश्रा बोले- राधा की आराधना के बिना श्रीकृष्ण की भक्ति अधूरी मानी जाती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शनिवार को राधाष्टमी का पर्व आस्था, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। राधा-कृष्ण के दर्शन और पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन होते रहे। राधारानी और भगवान श्रीकृष्ण के विशेष श्रृंगार के साथ चांदी के कलशों से महाभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान को 56 भोग अर्पित कर महाआरती की गई। राधाष्टमी के अवसर पर मुरली मनोहर मंदिर में राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं को चांदी, सोने और रत्न जड़ित आकर्षक पोशाकों एवं आभूषणों से सजाया गया। विशेष श्रृंगार के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने राधा नाम का संकीर्तन किया। मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजन और संकीर्तन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजनों पर झूमते और राधा-कृष्ण के जयकारे लगाते नजर आए।

चांदी के कलशों से हुआ राधा-कृष्ण का महाभिषेक

राधाष्टमी के मुख्य आयोजन के तहत सुबह विठलेश सेवा समिति के पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला, कथावाचक पंडित राघव मिश्रा सहित अन्य श्रद्धालुओं और सेवकों की मौजूदगी में राधा-कृष्ण का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद चांदी के कलशों से भगवान का महाभिषेक किया गया। महाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन चलता रहा। महाभिषेक के बाद राधारानी और भगवान श्रीकृष्ण का विशेष श्रृंगार किया गया। रत्न जड़ित पोशाक और आभूषणों से सजे भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर में 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। इसके बाद प्रसादी का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया।

राधा की आराधना के बिना श्रीकृष्ण की भक्ति अधूरी-पंडित प्रदीप मिश्रा

राधाष्टमी के अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार राधा रानी की आराधना के बिना भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति अधूरी मानी जाती है। जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में जन्माष्टमी का विशेष महत्व है, उसी प्रकार राधारानी के प्राकट्य उत्सव के रूप में राधाष्टमी भी भक्तों के लिए विशेष पर्व है। उन्होंने कहा कि राधा नाम केवल एक नाम नहीं, बल्कि प्रेम, समर्पण और भक्ति की भावना का प्रतीक माना जाता है। भक्त भगवान श्रीकृष्ण के साथ राधारानी का स्मरण करते हुए अपनी आराधना को पूर्णता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में राधा-कृष्ण की भक्ति के माध्यम से प्रेम, विश्वास और समर्पण का संदेश मिलता है। पंडित मिश्रा ने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार राधाष्टमी से महालक्ष्मी व्रत का भी आरंभ माना जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार व्रत और पूजन करते हैं। महिलाओं द्वारा परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की मंगलकामना और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर राधारानी की आराधना की जाती है।

राधा नाम संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि राधाष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। राधा-कृष्ण के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। दोपहर 11 बजे भगवान को 56 भोग अर्पित किया गया, जबकि दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन हुआ। इसके बाद राधा नाम संकीर्तन में श्रद्धालु शामिल हुए। मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों ने राधा-कृष्ण की भक्ति पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों के दौरान श्रद्धालु हाथों में माला और पुष्प लेकर राधारानी का स्मरण करते नजर आए। कई श्रद्धालु भजनों पर झूमते हुए दिखाई दिए। मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक और भक्तिमय वातावरण बना रहा। विठलेश सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था भी की गई। आयोजन से जुड़े सेवकों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सेवक व्यवस्थाओं में जुटे रहे। मुरली मनोहर मंदिर को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आस्था है। मंदिर परिसर में भगवान शिव-पार्वती, भगवान राम-सीता और भगवान कृष्ण-राधा की प्रतिमाएं विराजमान हैं। श्रद्धालु यहां तीनों स्वरूपों के दर्शन कर पूजा-अर्चना करते हैं। राधाष्टमी के अवसर पर राधा-कृष्ण के विशेष श्रृंगार और पूजन के कारण मंदिर में अलग ही धार्मिक वातावरण देखने को मिला। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना जारी रहा।

रविवार को कुबेर भंडारी गणेश उत्सव समिति करेगी महाआरती : राधाष्टमी के बाद रविवार को भी कुबेरेश्वरधाम में धार्मिक आयोजन जारी रहेंगे। कुबेर भंडारी गणेश उत्सव समिति की ओर से शाम 7 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। पंडित विनय मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समिति की ओर से श्रद्धालुओं से महाआरती में शामिल होकर भगवान के दर्शन और पूजन का लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न, 10 हजार से अधिक महिलाएं होंगी शामिल

मां के दरबार में जो मस्तक झुका देता है, उसे और कहीं भी सर झुकाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है: प्रिंस राठौर





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वावधान एवं समिति के संरक्षक तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के मार्गदर्शन में आगामी चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक राठौर धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं धार्मिक आयोजन से जुड़े लोगों ने सहभागिता कर यात्रा को भव्य एवं व्यवस्थित स्वरूप देने को लेकर अपने सुझाव रखे।

चुनरी यात्रा पिछले 9 वर्षों से लगातार आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति की एक जीवंत परंपरा के रूप में आयोजित की जा रही है। प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होकर माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। इस वर्ष भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। चुनरी यात्रा करौली वाली माता मंदिर से माता की आरती के पश्चात प्रारंभ होगी, जहां श्रद्धालु विधिवत पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लेकर यात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कस्बे में स्थित इलाही माता मंदिर पहुंचेगी, जहां विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ यात्रा का समापन होगा। यात्रा का सबसे प्रमुख आकर्षण 108 मीटर लंबी चुनरी रहेगी, जिसे बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु अपने हाथों में लेकर माता के दरबार तक पहुंचाएंगे। आयोजकों के अनुसार चुनरी यात्रा में इस वर्ष लगभग 10 से 12 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यात्रा को लेकर शहर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी लोगों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। बैठक को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंद रक्षक युवा समिति के संरक्षक प्रिंस राठौर ने कहा कि चुनरी यात्रा हमारे लिए केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारी आस्था, हमारी सनातन परंपरा, हमारी संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। पिछले नौ वर्षों से जिस श्रद्धा और उत्साह के साथ शहरवासियों ने इस यात्रा को अपना समर्थन दिया है, वह अपने आप में गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि माता के प्रति श्रद्धा रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस यात्रा का हिस्सा बने और पूरे परिवार के साथ इसमें शामिल होकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करे। हमारा प्रयास है कि यात्रा में शामिल होने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर व्यवस्था मिले और पूरा आयोजन भक्ति, अनुशासन और सामाजिक एकता के साथ संपन्न हो।

प्रिंस राठौर ने कहा कि चुनरी यात्रा किसी एक व्यक्ति या संस्था का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह पूरे शहर और क्षेत्र के श्रद्धालुओं का आयोजन है। इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता रहती है। महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी इस यात्रा की विशेष पहचान बन चुकी है। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे यात्रा की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाएं और श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जब हजारों लोग एक साथ माता की भक्ति में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते हैं, तो यह दृश्य पूरे शहर के लिए गौरव और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराता है।

बैठक में शहर के प्रमुख संत-महात्माओं एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी

बैठक में शहर के प्रमुख पूजनीय गुरुदेवों के साथ पूर्व विधायक रमेश सक्सेना जी, सनी महाजन जी, जसपाल अरोड़ा जी, विवेक राठौर जी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं हिंद रक्षक युवा समिति से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने सहभागिता कर आगामी चुनरी यात्रा को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा की। बैठक के दौरान यात्रा के मार्ग, श्रद्धालुओं की सुविधा, महिलाओं की सहभागिता, चुनरी व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने परिवार एवं परिचितों के साथ चुनरी यात्रा में शामिल होकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन को भव्य बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाली यह चुनरी यात्रा एक बार फिर सीहोर की धरती पर आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति का भव्य संगम प्रस्तुत करेगी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



सीहोर। शनिवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शाला स्तर पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महामंत्री श्रीमती सीमा सक्सेना उपस्थित रही। विशेष अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण वरिया, अभिभावकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा चित्रकला के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य रूपश्री नागेश, परामर्शदाता रोशनी राठौर, लीगल केस वर्कर प्रियंका दोहरे एवं सोशल केस वर्कर राधिका शर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन जितेंद्र कुमार सेन ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की गई।

खबर संक्षेप



आज से तीन दिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन

सीहोर। भगवान शिव शक्ति नंदन प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम नयापुरा में शनिवार से 21 सितंबर सोमवार तक तीन दिवसीय संगीतमय श्री हनुमंत कथा का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। पंडित श्री गणेशानंद महाराज के मुखारविंद से संगीतमय सीताराम भक्त श्रीहनुमंत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक मांगलिक भवन परिसर नयापुरा में किया गया है। सोमवार को ग्राम वासियों की उपस्थिति में ग्राम के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली जाएगी। क्षेत्र के सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी बंधुओ से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

अब बिना परीक्षा पढ़ा सकेंगे, अतिशेष होने पर ही ट्रांसफर होगा

शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता, स्कूल मर्ज होते ही सांदीपनि में शिक्षकों की सीधी एंट्री

नए आदेश के अनुसार जो शिक्षक सांदीपनि में ही बने रहना चाहते हैं, उन्हें फिलहाल वहीं रखा जाएगा। लेकिन जो शिक्षक दूसरी स्कूल जाना चाहते हैं, उनकी काउंसिलिंग 25 सितंबर तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



फाइल फोटो

सांदीपनि (पूर्व नाम सीएम राइज) स्कूलों में मर्ज हुई आसपास की स्कूलों के शिक्षकों को अब बिना कोई परीक्षा दिए सीधे यहां पढ़ाने का मौका मिलेगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने 15 सितंबर को इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है, जिसमें विभाग के 17 नवंबर 2025 के पत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि जो शिक्षक यहां रहना चाहेंगे, उन्हें रखा जाएगा; बाकी की काउंसिलिंग 25 सितंबर तक पूरी की जाएगी। खास बात यह है कि 2021 में जब ये स्कूल शुरू हुए थे, तब यहां टिके रहने के लिए पदस्थ शिक्षकों को भी लिखित परीक्षा व इंटरव्यू पास करना पड़ा था, ताकि पढ़ाई का स्तर ऊंचा बना रहे।

274 प्रदेश में है सांदीपनि स्कूल

प्रदेश में फिलहाल करीब 274 सांदीपनि स्कूल चल रहे हैं, जिन्हें सर्वसुविधायुक्त बनाकर बेहतर पढ़ाई का दावा किया गया है। मगर अब स्कूल मर्ज होने के साथ शिक्षा की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने की उसी शर्त से फिलहाल समझौता कर लिया गया है। यहां पढ़ाने के लिए शिक्षकों को अब परीक्षा देकर अपनी योग्यता साबित नहीं करनी होगी।

अतिथि शिक्षकों की नौकरी पर मंडराया खतरा : कई सांदीपनि स्कूलों में अभी रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षक पढ़ा रहे हैं। मर्जर के बाद जो नियमित शिक्षक अब यहां पहुंचेंगे, वे इन्हीं खाली पदों पर पदस्थ किए जाएंगे। इसका सीधा असर यह होगा कि इन पदों पर पढ़ा रहे अतिथि शिक्षकों की जगह नहीं बचेगी और उनकी नौकरी पर खतरा मंडराने लगेगा। यानी नियमित शिक्षकों की पद स्थापना के बाद अतिथियों के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती है।

25 सितंबर तक तय होगा कौन रुकेगा, कौन जाएगा

नए आदेश के अनुसार जो शिक्षक सांदीपनि में ही बने रहना चाहते हैं, उन्हें फिलहाल वहीं रखा जाएगा। लेकिन जो शिक्षक दूसरी स्कूल जाना चाहते हैं, उनकी काउंसिलिंग 25 सितंबर तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी बीच अगर किसी स्कूल में जरूरत से ज्यादा शिक्षक पहुंच गए हैं, तो जिला स्तर की एक कमेटी तय करेगी कि किसे यहीं रखना है और किसे कहीं और भेजना है। यह फैसला बच्चों की नई दाखिला संख्या के आधार पर लिया जाएगा, न कि शिक्षक की काबिलियत के आधार पर।

67 सांदीपनि स्कूलों में मर्ज हो चुके हैं 450 स्कूल

सरकार के मुताबिक, प्रदेश में शून्य नामांकन वाली शालाओं का "एक परिसर, एक शाला' और सांदीपनि स्कूल व्यवस्था के तहत युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इसी कवायद के पहले चरण में करीब 450 स्कूल सिमटकर सिर्फ 67 सांदीपनि विद्यालयों में समा गए हैं। यानी औसतन हर एक सांदीपनि स्कूल में आसपास की छह-सात पुरानी शालाएं मिला दी गई हैं।

दूसरे चरण में भी यह विलय प्रक्रिया जारी है। नीति में मर्जर के लिए 3 किलोमीटर का दायरा तय है, लेकिन असल में इतने स्कूलों को समेटने के लिए कई जगह बच्चों को 5 से 10 किलोमीटर तक दूर भेजा जा रहा है।

नगर में विराजे गजानन...




सीहोर। अंबेडकर पार्क रविदास मंदिर के पास गंज शिव पार्वती गणेश उत्सव समिति द्वारा विजराजित गणेश प्रतिमा। अध्यक्ष अंकुर, हर्ष महोबिया।



सीहोर। जगदीश मंदिर चौराहा पर भगत सिंह क्लब गणेश उत्सव समिति द्वारा विराजित गजाजन। अध्यक्ष शैलेंद्र राठौर।



सीहोर। गंज बजरिया पुराना बस स्टैंड पर बाल युवक संगठन गणेश उत्सव समिति द्वारा विराजित गजाजन की प्रतिमा। अध्यक्ष अभिषेक राठौर।



सीहोर। गाड़ी अड्डा सीहोर भागलपुरी गणेश उत्सव समिति द्वारा विराजित गजाजन की प्रतिमा। अध्यक्ष सूरज सिंघानिया।



सीहोर। नगर में विराजे यह बहुत ही सुंदर आकर्षक मनमोहक गणेश जी की यह प्रतिमा हर वर्ष मयूर आर्ट मुंबई से बनकर आती है एवं श्रृंगार श्री श्याम इवेंट सनी चंदेल द्वारा किया जाता है खत्री परिवार द्वारा इसे अपने निवास पर स्थापित किया गया है राकेश खत्री चंद्रशेखर आजाद मार्ग संजय हार्डवेयर के पास सीहोर।

आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया राष्ट्रीय पोषण माह:कुपोषण से मुक्ति का लिया संकल्प, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जोर

जिले में ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस पर दी गई स्वास्थ्य सेवाएं



सीहोर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दौरान बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच की गई। अभियान के अंतर्गत 0 से 1 वर्ष आयु के 689 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जबकि 1 वर्ष से अधिक आयु के 285 बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया।

इसके साथ ही 89 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर आयोजित इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी भी प्रदान की गई।

सन्नी महाजन के आह्वान पर बाजार में दुकानदारों ने जलाया आशीर्वाद का दिया



सीहोर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में गुरुवार की रात वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और दीपको जगमग किया गया। भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के आह्वान पर अटल बिहारी वाजपेई चौराहा से बड़ा बाजार तक के दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर दीपक जलाकर रोशनी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस और उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी। शुभ अवसर पर भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में इतिहास रच रहा है मोदी है तो मुमकिन है यह साबित हो रहा है। आज पुरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मना रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक सुदेश राय भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, जिला प्रभारी विकास बिरानी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे प्रधानमंत्री को नमन किया।


सांदीपनि स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विकसित भारत थीम पर बनाईं उत्कृष्ट कलाकृतियां



सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सीहोर के शासकीय सांदीपनि (मनुबेन) स्कूल में 'सेवा चित्र कार्यक्रम' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 'विकसित भारत' विषय पर आधारित आकर्षक एवं प्रेरणादायी चित्रकला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर एवं क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठौर द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों का गहनता से अवलोकन किया और उनकी कलात्मक प्रतिभा एवं रचनात्मकता की प्रशंसा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि हम सभी को मिलकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने तथा अपने 'सपनों के भारत' की परिकल्पना को साकार करना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण रूप से 'विकसित भारत' बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने में हमारे देश की युवा शक्ति और विद्यार्थियों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि आज बच्चों द्वारा कैनवास पर उकेरी गई तस्वीरें केवल कलाकृतियां नहीं हैं, बल्कि यह हमारे आने वाले सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत की झलक हैं। इस प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताएं बच्चों में राष्ट्र निर्माण की भावना, सामाजिक दायित्व और प्रतिभा का विकास करती हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यालय प्राचार्य सहित हरीश राठौर, सुरेंद्र राठौर एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

सत्य की ओर समिति ने निभाया इंसानियत धर्म



सीहोर। जीवन के सफर में जब रिश्तों के धागे टूट जाते हैं और कोई अपना साथ नहीं देता, तब भी ईश्वर किसी न किसी रूप में सहारा बनकर सामने आता है। शहर में निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा और लावारिस शवों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार का संकल्प लेकर काम कर रही सत्य की ओर समिति ने एक बार फिर इंसानियत की मिसाल पेश की है। समिति के सेवादार सदस्यों द्वारा फ्रीगंज मंडी निवासी 52 वर्षीय बुजुर्ग महिला स्व. कमलाबाई यादव के पार्थिव शरीर का संपूर्ण हिंदू रीति-रिवाज के साथ मोक्षधाम ले जाकर दाह संस्कार कराया गया। बता दें निर्धन कमलाबाई यादव के निधन की सूचना मिली तो ऱ्सत्य की ओर समिति के सदस्य बिना किसी देरी के आगे आए। समिति के सदस्यों ने न केवल मृतका के पार्थिव देह को पूरे सम्मान के साथ कंधा दिया, बल्कि मुखाग्नि और अंतिम संस्कार की सभी धार्मिक विधियों को पूरी निष्ठा व श्रद्धा के साथ संपन्न कराया।

सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : इस पुनीत कार्य में सत्य की ओर समिति अध्यक्ष शंकर सम्राट, श्याम सुंदर मोदी, हरीश अग्रवाल, शैलेंद्र चंदेल, सुनील दुबे, कैलाश अग्रवाल, नंदकिशोर साहू, लकी राजपाल, ऋषि राज शर्मा, कमलेश कटारे, डॉ. नरोलिया और विमल जैन सहित अन्य सेवाभावी नागरिक उपस्थित रहे।

निस्वार्थ सेवा का प्रतीक बनती समिति : गौरतलब है कि सत्य की ओर समिति पिछले लंबे समय से सीहोर शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव या स्वार्थ के ऐसे असहाय, निर्धन और लावारिस लोगों का अंतिम संस्कार कराती आ रही है, जिनका इस दुनिया में कोई सहारा नहीं होता। समिति के सदस्यों का मानना है कि इंसान की मौत के बाद उसकी देह को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई देना ही सबसे बड़ी मानव सेवा और धर्म है। समिति अब तक कई ऐसे पार्थिव शरीरों को ससम्मान अंतिम विदाई देकर प्रभु चरणों में समर्पित कर चुकी है।

पर्युषण महापर्व पर धार्मिक अनुष्ठान, भक्ति भाव से मनाया जा रहा

पर्युषण महापर्व पर जिनवाणी महिला मंडल के तत्वावधान में प्रस्तुत की प्रेरणादायक नृत्य नाटिका





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पर्युषण महापर्व पर धार्मिक अनुष्ठान भक्ति भाव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। साथ ही संध्या को श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर परिसर मे जिनवाणी महिला मंडल के तत्वावधान मे सांस्कृतिक कार्यक्रम, जैन धर्म पर आधारित प्रेरणादायक शानदार नृत्य नाटिका मां की ममता एवं पूजा का फल की मनमोहक सराहनीय प्रस्तुतीकरण पर श्रध्दालुओ ने तालियो की आवाज से परिसर को गुंजायमान कर दिया । जिनवाणी महिला मंडला नृत्य नाटिका कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती जैन ने बताया कि मां की ममता एवं पूजा का फल नाटिका प्रस्तुत की गई हैं। जिसमें धनंजय सेठ के बारे में बताया गया की जिनकी पूजा और श्रध्दान विषापहार स्तोत्र से उनके बेटे की जान सर्प देश से बच गई - एवं उनकी नास्तिक धर्म पत्नी भी धर्म पर विश्वास करने लगी पत्नी और विश्वास से पूजा के करने लगी। पूजा का फल अपरमपार है। पूजा का फल जिसके रचियता जैन धर्म में महाकवि धनंजय सेठ जिन्होंने सुप्रसिद्ध विषापहार स्तोत्र की रचना की थी के जीवन से जुड़ा पूजा का फल और उनकी अटूट निष्ठा का प्रसंग अत्यंत प्रसिद्ध और प्रेरणादायी जैन ग्रंथों के अनुसार, जब जीव सच्चे निष्काम भाव से भगवान की अष्टद्रव्य से पूजा करता है, तो उसका पुण्य और आत्मिक बल इतना बढ़ जाता है कि असाध्य संकट भी दूर हो जाते हैं। महाकवि धनंजय के जीवन की यह घटना 'पूजा के फल' को प्रत्यक्ष प्रमाणित करती है।

पेंशनर्स एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा आज

सीहोर। भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन सीहोर इकाई की वार्षिक आम सभा एवं अमृत महोत्सव कार्यक्रम आगामी 20 सितंबर रविवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर शहर के बढ़यिाखेड़ी स्थित यूनिट अध्यक्ष हरीश अग्रवाल के निवास पर एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई।

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ

सीहोर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में सेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में प्राचार्य डॉ. कलिका डोलस के मार्गदर्शन में आज सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय परिवार ने जनसेवा, जनभागीदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसेवा एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देना, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार करना तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करना है। साथ ही अधिक से अधिक नागरिकों को सेवा एवं विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना भी अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। प्राचार्य डॉ. कलिका डोलस ने अभियान की सफलता के लिए महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसेवा और जनभागीदारी के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ पहुँचाने में महाविद्यालय की छात्राएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

बजट, राजस्व वसूली, जलप्रदाय सहित निर्माण कार्यों की समीक्षा की

कलेक्टर ने खंगाली माचलपुर नगर परिषद की फाइलें, लेखाकार को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

खबर का असर



कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने नगर परिषद माचलपुर का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा स्वयं लेखा शाखा पहुंचे और लेखा संबंधी कार्यों की जांच की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने लेखाकार श्री राम नागर की आईडी से लॉगिन कर खातों एवं किए गए भुगतानों की जानकारी का परीक्षण करते हुए फाईलें खंगाी।

इस दौरान जिलाधीश ने समस्त बजट मदों की समीक्षा करते हुए प्रत्येक मद में स्वीकृत राशि, अब तक किए गए व्यय तथा शेष राशि की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक मद में राशि का उपयोग किन कार्यों पर किया गया है तथा संबंधित व्यय के विरुद्ध आवश्यक अभिलेख एवं भुगतान प्रक्रिया पूर्ण है या नहीं, इसकी भी जानकारी ली। इस दौरान परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी माचलपुर श्री देवेंद्र वत्स उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सहायक ग्रेड-1 श्री राम नागर कार्यालय में उपस्थित नहीं पाए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा उन्हें तत्काल उपस्थित होने के लिए बुलाया गया। इस दौरान कैशबुक को अलमारी में लॉक रखा पाया गया। शासकीय अभिलेखों एवं कैशबुक के संधारण में लापरवाही तथा बिना सूचना अनुपस्थित रहने को कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने गंभीर अनुशासनहीनता माना और श्रीनागर को मौके पर ही सस्पेंड कर दिया गया।

कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करने दिए निर्देश

इस दौरान दुकान निर्माण, अमृत 2.0 के अंतर्गत संचालित कार्य, डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन तथा उच्च स्तरीय जलाशय (ओएचटी) टैंक से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समयसीमा के संबंध में आवश्यक जानकारी लेते हुए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

जलप्रदाय व्यवस्था की भी विस्तार से हुई समीक्षा

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जलप्रदाय शाखा की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी से जलप्रदाय व्यवस्था में होने वाले कुल व्यय तथा जलकर से होने वाली वसूली की जानकारी मांगी। व्यय एवं वसूली के संबंध में अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जलप्रदाय शाखा के प्रभारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही 17 दुकानों की नीलामी की ऑनलाइन प्रक्रिया की भी जांच की गई। जिन 4-5 दुकानदारों द्वारा भुगतान नहीं किया गया है, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सीएमओ पर जताई नाराजग

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी माचलपुर पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्वच्छता कार्य में लगी दो वाहनों की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि दोनों वाहनों की जीपीएस लोकेशन की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

गड्ढे भरे नहीं, स्पीड ब्रेकर पर लाखों का खेल? निरीक्षण में खुली नगर परिषद की पोल

नगर परिषद माचलपुर की कार्यप्रणाली की शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निरीक्षण में परतें खुलीं। लेखा शाखा में भुगतान और अभिलेखों की जांच के साथ नगर परिषद द्वारा खरीदे गए स्पीड ब्रेकर भी कलेक्टर के निशाने पर रहे। उन्होंने इंजीनियर श्री गोविंद से प्रत्येक ब्रेकर की लागत, कुल खरीद और प्रक्रिया का पूरा विवरण मांगा।नगर में सड़क की स्थिति और गड्ढों के बीच स्पीड ब्रेकर की खरीद को लेकर अब सवाल खड़े हो गए हैं। परिषद को बताना होगा कि कितने ब्रेकर खरीदे गए, किस दर पर खरीदे गए और कहां-कहां लगाए गए।

सेक्टर स्तरीय 9वां राष्ट्रीय पोषण माह...

हितग्राहियों को पौष्टिक आहार हरी सब्जियां लेने की सलाह दी



मन्दसौर। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले इस पोषण माह अन्तर्गत आंगनवाड़ी वार्ड क्र. 23 में सेक्टर स्तरीय 9 वाँ राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रेखा सोनी, प्रभारी सीडीपीओ श्वेता जैन, सेक्टर सुपरवाइजर मैडम हेमलता साँवरिया, सभी सुपरवाइजर मैडम शकुन्तला डामोर, गायत्री खींची, हेमलता सोनी उपस्थित थे। वार्ड पार्षद द्वारा उपस्थित हितग्राहियों को पौष्टिक आहार जैसे - चना, गुड़, मूंगफली, हरी सब्जियाँ इत्यादि लेने की सलाह दी। प्रभारी सीडीपीओ मैडम द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय पोषण माह क्यो मना रहे और इसे माह तक सीमित न करते हुए निरंतर में पौष्टिक आहार बच्चों को देना चाहिए, बाजार की खाद्य सामग्री को नहीं खिलाना चाहिए। हमारे घरों में बड़े बुजुर्गों से सलाह लेकर घर के ही अनाज से घर बनाकर बच्चों को खिलाना चाहिए ताकि हम प्रधानमंत्री के संकल्प को पुरा करने में अपनी भागीदारी निभा सके। उपस्थित हितग्राही और कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न पौष्टिक आहार बनाकर सुपोषण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमलता साँवरिया ने किया। आयोजन में वार्ड 23 की कार्यकर्ता मालती गहलोद, शानू बैरागी, रेखा चन्देल, रजनी गहलोद एवं चतुर्थ सेक्टर की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रेखा राठौर, सरिता सेन, किरण वर्मा, जुली वर्मा, उर्मिला सोनी, किरण सोनी, बबीता गौड़, ललिता राठौर, लीला सोलंकी, आशा मौर्य, लीला राठौर, निशा शर्मा,चाँदबी, शाहेदा, यास्मिन, आशा सोनी, आबेदा, उर्मिला खटोड़, सुरेखा सोनी उपस्थित थी। !

3 अक्टूबर को बंसल जाएंगे दिवंगतों के अस्थि कलश लेकर हरिद्वार

मंदसौर। पितृपक्ष में 33 साल की परंपरा को निभाते हुए समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल जरूरतमंद निराश्रित दिवंगतों के अस्थि कलश लेकर 3 अक्टूबर 2026 शनिवार को गंगाजी में विसर्जन के लिए हरिद्वार जाएंगे। इस बार 18 पुरुषों के और 6 महिलाओं के और 11 बंदरों के अस्थि कलश लेकर जाएंगे यह सेवा प्रकल्प उन्होंने 33 साल पहले लिया था जो निरंतर 34वें साल भी चल रहा है। उल्लेखनीय है कि बंसल अब तक हजारों दिवंगतों का अंतिम संस्कार भी कर चुके हैं। कोरोना काल में भी 1100 से भी अधिक लोगों का अंतिम संस्कार किया। साथ ही अनेक गरीब परिवारों को अन्तिम क्रिया कर्म की सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराई। हरिद्वार नहीं जा पा रहे परिवार अपने परिजन के मोक्ष के लिए अस्थि विसर्जन करना हो तो सुनील बंसल से संपर्क कर उनके निवास स्थान गणपति चौक जनकुपुरा मंदसौर पर 3 अक्टूबर सुबह 11 बजे तक उपलब्ध कराए जा सकते हैं। अस्थि कलश का पूजन कर चित्तौड़ से बंसल हरिद्वार मां गंगा जाएंगे वहां उनके पारिवारिक पंडित प्रदीप झा सनातनी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उनका पिंडदान कर अस्थि विसर्जन करेंगे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 3100 दीपों से जगमगाया कुरावर



हरिभूमि न्यूज. कुरावर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार शाम कृषि उपज मंडी परिसर स्थित श्री केसरी नंदन हनुमान मंदिर में नगर परिषद, राजस्व विभाग एवं कृषि उपज मंडी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'आशीर्वाद का दिया' एवं 'जनसंकल्प अभियान' आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 3100 दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। दीप प्रज्वलन की शुरुआत क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने की।

जनसेवा को बनाया जीवन का संकल्प

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जनसेवा की शुरुआत की और वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब वर्ग के उत्थान के साथ किसान, छात्र, व्यापारी सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है।मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठा।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार सुनीता कुमारी, सीएमओ समंदरसिंह चैहान, मंडी सचिव ओमप्रकाश त्यागी, थाना प्रभारी जितेंद्र मवई, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, मनोहर मंडलोई, घनश्याम गर्ग, मोती सिंह बिलहरी, कैलाश मंडलोई वकील, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री लखन राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष हिरदेश चंद्रवंशी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुवीर सिंह राणावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नागरिक उपस्थित रहे।



छापी घाट पर प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाया

जीरापुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा छापीबांध पर एक दीया आशीर्वाद का जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर की मोजूदगी में बांध के घाट किनारे सामुहिक आरती करके गंगा मैया से आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर ने देश के विकास को गिनाया तथा कहा कि अभी तक के प्रधानमंत्री में नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री नहीं हुआ उन्होंने चहुंमुखी विकास किया। इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ने आभार प्रकट किया। संचालन नपाकर्मचारी कमल भावसार ने माना। पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, ईश्वर सिंह तोमर , मुकेश पुष्पद, रमेशचंद्र शर्मा,शिव मंडलोई, डा राम किरार ,विष्णु पवार , सीएमओ देवनारायण दांगी, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे।

दर्शनार्थियों की मौत का मामला: सर्वसमाज ने सौंपा ज्ञापन, व्यवस्था में सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात्रि में मंदिर आए दर्शनार्थियों की एक कार बह जाने तथा उसमें आठ लोगों की मौत होने की घटना के बाद इसको लेकर संबंधित दोषियों की जवाबदेही तय नहीं किए जाने तथा भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए योजना बनाकर मंदिर व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग को लेकर सर्व समाज द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी देवकंवर सोलंकी को सौंपा गया।

शनिवार को सर्व समाज द्वारा सौंपे गए इस ज्ञापन में मंदिर की व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग करते हुए बताया गया कि 19 सितंबर को हुई घटना प्रशासन की लापरवाही से हुई है। घटना की जवाबदेही तय कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाए। मंदिर के पट बंद होने के साथ ही मंदिर तथा मंदिर के बाहर हवन अनुष्ठान के कार्य बंद किए जावें। मंदिर मार्ग पर स्थित नाले की पुलिया की ऊंचाई तत्काल बढ़ाई जावे। पार्किंग स्थल पर समुचित प्रकाश व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरे सहित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। मंदिर परिसर क्षेत्र में तत्काल पुलिस चौकी की स्थापना की जावे। मंदिर परिसर में शुद्ध पेयजल, स्वच्छता तथा सुविधा घर की व्यवस्था की जाए।

मंदिर प्रबंधन हेतु एक ट्रस्ट का गठन किया जाए जिसमें अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति भी की जावे। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। हादसे में मृत आत्माओं को मंदिर परिसर में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि प्रदान की।



सांदीपनि स्कूल में जले 2000 आशीर्वाद के दीये

जीरापुर। नगर के समीपस्थ ग्राम खुमानपुरा शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'सेवा संकल्प' अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं विशिष्ट अतिथि एसडीएम ज्योति राजोरे की मौजूदगी में विद्यालय परिसर में 2000 दीये जलाए गए।इस दौरान विधायक दांगी ने सेवा, राष्ट्रहित और विकसित भारत के संकल्प में सहभागिता की अपील की। एसडीएम ज्योति राजोरे ने विद्यार्थियों से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के बाद विद्यालय परिसर में भगवान गणेश की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। प्राचार्य कैलाश शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा,विष्णु पवांर, ईश्नवर सिंह तोमर,कुशाल मण्डलोई अजय गुप्ता, बीईओ रामबाबू पाटीदार, गजेन्द्र शर्मा जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालय स्टाफ एवं में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पेश की चादर



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर मुख्यालय पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में सेवा संकल्प अभियान के तहत जहां विभिन्न शासकीय दफ्तरों में दीपकों से रोशनी की गई वहीं स्थानीय हजरत बाबा बदख्यानी की दरगाह पर अकीदत व एहतराम के साथ चादर पेश की गई। यह चादर दरगाह के पूर्व सदर मोहम्मद शफीक गामा के नेतृत्व में अन्य सदस्यों द्वारा चढ़ाई गई है। चादर पोशी के दौरान मुल्क के प्रधानमंत्री श्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं देश में अमन, चैन की दुआ मांगते हुए भाईचारे और मुल्क की तरक्की की कामना की दुआ-ए-खैर मानी गई है। इस अवसर पर पूर्व सदर श्री गामा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश नई-नई ऊंचाईयों को छू रहा है। इस मौके पर दरगाह के खादिम एवं अकीदतमंद मौजूदरहे। कार्यक्रम के समापन उपरान्त सभी को तबर्रुक बांटा गया।

बेटियों को बेहतर शिक्षा, सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता: पंवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



शहर के मध्य स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 1 करोड़ 29 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले 6 अतिरिक्त कक्षों एवं अन्य निर्माण कार्यों का भूमिपूजन शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान एवं मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं कन्या पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने विद्यालय की छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, सुविधाओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में मनाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान का मूल भाव जनसेवा और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण से जुड़ा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और विकास के कार्यों के माध्यम से इस संकल्प को धरातल पर साकार करने का प्रयास किया जा रहा है।

किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बेटियों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ ही निःशुल्क साइकिल वितरण, निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक जैसी विद्यार्थी हितैषी योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को सुगम बनाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि आर्थिक परिस्थितियां किसी भी बेटी की शिक्षा में बाधा न बनें। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि छात्राओं के अध्ययन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह विद्यालय हमारे क्षेत्र के महत्वपूर्ण विद्यालयों में से एक है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आपसी समन्वय और निरंतर मेहनत के साथ विद्यालय को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम की ओर ले जाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि केवल भवन और सुविधाएं ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि उनका उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि प्रदेश की प्रत्येक बेटी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों।



जाति प्रमाण पत्र की लड़ाई में समाज के साथ हूं: सिंह

सारंगपुर। कपिलेश्वर धाम परिसर में शुक्रवार को पाल समाज के नवीन छात्रावास निर्माण का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राघौगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने जाति प्रमाण पत्र के मुद्दे पर समाज के साथ मजबूती से खड़े रहने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया और सुसनेर विधायक भेरू सिंह परिहार सहित कांग्रेस नेता व बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। इस दौरान जयवर्धन सिंह ने कहा कि पाल समाज के जाति प्रमाण पत्र बनने में आ रही दिक्कतों का समाधान कराने के लिए सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर साथ खड़े हैं। सिंह ने डूब प्रभावितों के मुआवजे और युवाओं के रोजगार को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों के डूब प्रभावितों को मुआवजे में अंतर किया जा रहा है। वहीं सरकारी भर्तियां नहीं होने और आउटसोर्स के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने का मुद्दा भी उठाया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र राजपूत तथा आभार मोहनसिंह पाल ने माना। कार्यक्रम में पाल समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विकसित और साधन-संपन्न राष्ट्र बनाने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गांधीसागर



शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गांधीसागर में शनिवार 19 सितंबर को मेरा संकल्प विकसित भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच मनीष परिहार उपस्थित रहे। वहीं उपसरपंच पंकज प्रजापति, पूरन माटा, बालाराम गायरी, कोमल चंद नामदेव, धर्मा गुर्जर एवं दिनेश शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। विद्यार्थियों द्वारा ह्यमेरे सपनों का भारत कैसा होगा स्वच्छ जल एवं स्वच्छता अभियानहजैसे विषयों पर आकर्षक चित्रकला तैयार की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भाषण के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित और साधन-संपन्न राष्ट्र बनाने में प्रत्येक नागरिक एवं युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम का संचालन रेखा सरकार द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य मुकेश वशिष्ठ ने सभी अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

1 स्वर्ण एवं 18 कांस्य पदक जीतकर खिलाड़ियों ने मंदसौर का नाम रोशन किया

राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते 19 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर



भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में 16 से 18 सितंबर तक आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिले से 750 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। मंदसौर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 19 पदक अपने नाम किए। टीम के कोच धवल कुमावत एवं रेफरी मैनेजर यशवंत कलमोदिया रितिक मुवारा की भूमिका में रहे जिले के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण एवं 18 कांस्य पदक जीतकर मंदसौर का गौरव बढ़ाया।

ये रहे पदक विजेता खिलाड़ी- प्रशस्ति सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं प्रथम ग्वाला, कुणाल पाटीदार, लोकेंद्र सिंह तंवर, दक्ष चौहान, मोहम्मद तोफिक मंसूरी, अरमान रामटेके, मोहम्मद जिशान मंसूरी, शिवांश धाकड़, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया, दिव्यांश चौहान, जागृति माली, त्रिशा डबकरा, विनायक काला, सौम्या गुप्ता, तुषार जैन, वेदांश पाटीदार एवं मुनमुन चंद्रावत सहित खिलाड़ियों ने कांस्य पदक अर्जित किए।

खबर संक्षेप

श्रीराम निवास कुटी में होगा कवि सम्मलेन

आष्टा। श्रीराम कुटी टीपाखेड़ी में कवि सम्मेलन का आयोजन 20 सितम्बर को रात्रि 8 बजे से श्री गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। श्री बाल मंडल गणेश उत्सव समिति के सानिध्य में आयोजित इस कवि सम्मेलन में डॉ राम जी मनावत शाजापुर, हास्य कवि हजारीलाल हवलदार, दिनेश भोपाली हास्य, श्रृगांर रस निशा उज्जैयनी गीतकार संदीप मेवाडा सीहोर, हास्य कवि कमल सिंह कमल, आशू कवि प्रहलाद सिंह परमार अपने रचनाओं की प्रस्तुति देगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, विशिष्ठ अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य सुनिल फरैला, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देव पटेल, समाजसेवी कमल सिंह ठाकुर अध्यापक, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, तेज सिंह भाटी, सरपंच धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, सरपंच रमेशचंद्र एवं पार्षद धूम सिंह अतिथि के रूप में सम्मिलत होगे। कवि सम्मेलन के सूत्रधार कवि प्रहलाद सिंह परमार कवि ने बताया कि स्थानीय एवं क्षैत्रीय काव्य क्षैत्र की प्रतिभाओं को एक मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कवि सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा हैं ताकि क्षैत्रीय एवं स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिल सके।

युवा शक्ति, नवाचार और राष्ट्रभाव से भारत को विश्व नेतृत्व की ओर ले जाने का आह्वान

आर्यावर्त विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार निर्माण का केंद्रः विश्वास सारंग

शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री और रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आर्यावर्त विश्वविद्यालय, सीहोर में चतुर्थ स्थापना दिवस एवं दीक्षारम्भ समारोह उत्साह और गरिमापूर्ण माहौल के साथ सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना से हुई। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना के उद्देश्य, शैक्षणिक विकास और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में संस्कार, कौशल, अनुशासन और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने दुष्यंत कुमार की पंक्तियों "हो गई है पीर पर्वत-सी, पिघलनी चाहिए, इस हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए" से संबोधन की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य समाज की मूल आवश्यकताएं हैं। इन क्षेत्रों के विकास में सरकार के साथ समाज और निजी शिक्षण संस्थानों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री और रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था में समय के साथ बदलाव आया है और वर्तमान में शिक्षा को देश की संस्कृति, अखंडता एवं सामाजिक आवश्यकताओं से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को ज्ञान, कौशल और नवाचार के माध्यम से देश के विकास में योगदान देना होगा।

भारत वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है और युवाओं की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होने जेन्जी की परिकल्पना अपने माता पिता, गुरु के सम्मान, राष्ट्र हित, समाज हित मे सोचने वाले नागरिकों से की। मंत्री ने आर्यावर्त विश्वविद्यालय में शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसका श्रेय कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम और चेयरमैन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह गौतम को दिया। उन्होंने कहा कि दोनों ने पिता के निधन के बाद उनके संकल्पों को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा के क्षेत्र में संस्थानों का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि किसी विश्वविद्यालय की वास्तविक पहचान उसके भवनों से नहीं, बल्कि वहां से निकलने वाले विद्यार्थियों के ज्ञान, संस्कार और आचरण से होती है। कार्यक्रम के अंत में कुलगुरु प्रो. (डॉ.) दीपक राज तिवारी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों, पुलिस प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की उपलब्धियां पूरे विश्वविद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं। मंच संचालन अफशा अली ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ संपादक अंशुमान खरे, भूगोल प्राध्यापक विजय सिंह, नगर पालिका सीहोर अध्यक्ष प्रिंश राठौर, राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक राहुल सिंह, नगर पालिका, कुरावर से श्री बाला प्रसाद,वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम जी, कुलसचिव डॉ. अनुज सिंघई, श्री कपिल तिवारी सहित शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

एएसपी ने थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे द्वारा थाना आष्टा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी दामोदर गुप्ता उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय व विभिन्न शाखाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने रिकॉर्ड कक्ष का निरीक्षण, थाने के रिकॉर्ड कक्ष का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव एवं संधारण की स्थिति का जायजा लिया गया। थाने में संधारित विभिन्न महत्वपूर्ण रजिस्टरों, समय रजिस्टर सहित, का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना परिसर स्थित साइबर सेल की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय एवं अन्य शाखाओं में रखे अभिलेखों तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं व्यवस्थित रख-रखाव के संबंध में निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं रजिस्टरों का नियमित रूप से अद्यतन संधारण करने तथा थाना परिसर की समस्त व्यवस्थाओं को व्यवस्थित एवं सुचारू बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कल से निकलेगी बाबा रामदेव पैदल निशान यात्रा

सीहोर। क्षेत्र की सुख समृद्धि और मंगल कामना के लिए मंडी निवासी दिनेश राठौर द्वारा अपने निज निवास मंडी से श्री रुणिचा धाम इछावर तक बाबा रामदेव पैदल निशान यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समाजसेवी दिनेश राठौर ने बताया कि कल भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष तेजा दशमी सोमवार के शुभ अवसर पर मंडी सीहोर से सुबह 7 बजे विधिवत पूजा अर्चना कर यात्रा का श्रीगणेश किया जाएगा। ओवर ब्रिज, लुनिया चौराहा, नेहरू कॉलोनी, नमक चौराहा पर बाबा के प्राचीन मंदिर, सब्जी मंडी, सीवन नदी पुल से होते हुए इछावर रोड पहुंचते हुए क्रीसेंट चौराहा से रूणिचा धाम सरकार इछावर के लिए प्रस्थान करेगी।

कहासुनी के बीच जला आशीर्वाद का दीया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस और सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ के अवसर पर 17 सितंबर को जिला मुख्यालय पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। शाम ढलते ही सीवन नदी घाट, ऐतिहासिक मनकामेश्वर मंदिर और लिसा टॉकीज चौराहे पर हजारों दीपों की रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठा। हालांकि इस भक्तिमय और उत्साहपूर्ण आयोजन के दौरान भाजपा के दो वरिष्ठ नेताओं के बीच हुई हल्की सी कहासुनी और सियासी छींटाकशी शहर के राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई। सूत्रों के अनुसार सीवन नदी घाट पर दीप प्रज्वलन और फोटो सेशन के दौरान दो वरिष्ठ नेताओं के बीच अचानक स्थिति थोड़ी असहज हो गई। बात किसी नीतिगत मुद्दे पर नहीं, बल्कि दीप प्रज्वलन के दौरान आगे खड़े होने व फोटो सेशन की होड़ को लेकर शुरू हुई। देखते ही देखते दोनों नेताओं के बीच जुबानी तीर चले, जिसमें दलबदल तक का जिक्र आ गया। लिया विकसित भारत का संकल्पराजनीतिक खींचतान के बीच सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला मुख्यालय सहित जिले भर के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित किया गया। शाम 7 बजे सीवन नदी तट पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने विकसित भारत 2047 के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प दिलाते हुए कहा कि देश और प्रदेश का विकास हर नागरिक की जिम्मेदारी और कर्तव्यबोध से ही संभव होगा। कार्यक्रम में ये प्रमुख जनप्रतिनिधि रहे मौजूदजिला मुख्यालय पर आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरो, गौरव सन्नी महाजन, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति और सुरेंद्र मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंग्रेजी भाषा में युवा संतों ने दिया मानवता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन आशीर्वाद से निरंकारी मिशन के जोन भोपाल 24 ए की ब्रांच सीहोर में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम संत समागम मुंबई से पधारे ज्ञान प्रचारक महात्मा परम देवीचंद लक्ष्मण कथेकर जी की हुजूरी में शनिवार को सीहोर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में संपन्न हुआ। इस दौरान श्री कथेकर जी ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का पावन संदेश आमजन तक पहुंचाया। जोनल इंचार्ज महात्मा श्री अशोक जुनेजा जी के निर्देशन में सम्पन्न इस समागम में भोपाल जोन की सभी ब्रांचो के संतों द्वारा मानवता का संदेश अंग्रेजी भाषा में देते हुए विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। समागम में बच्चों और युवाओं द्वारा आकर्षक भक्तिमय प्रस्तुतियां दी गई । इस दौरान बड़ी संख्या में निरंकारी संतों द्वारा नाटक और विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर भक्तिमय वातावरण निर्मित किया गया। युवा संतो ने समागम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को निरंकारी मिशन का संदेश देते हुए मिशन की गतिविधियों से भी अवगत कराया ।ज्ञातव्य है कि संत निरंकारी मंडल जोन 24 ए भोपाल की सभी ब्रांचो में विभिन्न कार्यक्रम जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा जी के निर्देशन में निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं ।समागम के दौरान बैरागढ़ ब्रांच संयोजक महात्मा श्री महेश वीधानी, भोपाल जोन की सभी ब्रांचों के संयोजक, मुखी, संचालक सहित सेवादल के सभी अधिकारीगण, बड़ी संख्या में साध संगत उपस्थित थे।

फाइनल में मंडला ने भोपाल को 1-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के आवासीय खेलकूद मैदान पर शनिवार को कैलाश नारायण सारंग स्मृति में मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। दोपहर 3:30 बजे खेले गए फाइनल में मंडला और भोपाल की टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान पर शानदार खेल का प्रदर्शन किया और अंतिम समय तक मुकाबले का रोमांच बना रहा। निर्णायक क्षणों में मंडला के खिलाड़ी विवेक ने शानदार गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद मंडला ने भोपाल को 1-0 से हराकर प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

फाइनल मुकाबले को देखने के लिए मैदान पर खेलप्रेमियों और खिलाड़ियों के समर्थकों की मौजूदगी रही। मुकाबले के दौरान दोनों टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन मजबूत रक्षापंक्ति के कारण लंबे समय तक कोई टीम बढ़त नहीं बना सकी। मैच के अंतिम दौर में मंडला के विवेक ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल किया। यही गोल मैच का निर्णायक गोल साबित हुआ। फाइनल के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शामिल हुए। उन्होंने विजेता मंडला टीम सहित प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।

बाबा रामदेव के मंदिर में जागरण के साथ भंडारा का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम खाचरोद के ग्राम वासियों द्वारा बाबा रामदेव के मंदिर पर जांबा जागरण व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा बाबा रामदेव के शुभ मधुर भजनों से लोगों को आनंदित किया। वहीं शुक्रवार को बाबा रामदेव के मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के धर्म प्रेमी भक्तों वह ग्राम वासियों ने प्रसादी ग्रहण की। वहीं बाहर से पधारे हुए कलाकारों का बाबा रामदेव समिति द्वारा साल श्रीफल वह माला पहनकर स्वागत किया।

सीहोर क्लब में आज लगेगा हेल्थ चेकअप कैंप

सीहोर। सीहोर क्लब, शुगर फैक्ट्री चौराहा पर रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर का उद्देश्य लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना और समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी उपलब्ध कराना है। सीहोर क्लब के सभी सदस्यों के साथ ही शहर के नागरिक भी शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ ले सकते हैं।

स्टेट हाईवे-15 की जमीन पर बाउंड्रीवाल निर्माण का आरोप, गूंजारी नाले के पास निर्माण से सड़क की चौड़ाई प्रभावित होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



स्टेट हाईवे-15 के बुधनी शाहगंज मार्ग पर गुंजारी नाले के पास सड़क किनारे चल रहे बाउंड्रीवाल निर्माण को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि एक कोयला प्लांट संचालक द्वारा हाईवे से लगी भूमि पर बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। लोगों का कहना है कि निर्माण के चलते सड़क का हिस्सा संकरा होने की स्थिति में यहां यातायात प्रभावित हो सकता है और हादसों का खतरा भी बढ़ सकता है। गूंजारी नाले के पास का यह मार्ग पहले भी कई सड़क हादसों का गवाह रह चुका है। ऐसे में यदि बाउंड्रीवाल निर्माण के कारण सड़क की वास्तविक चौड़ाई कम होती है तो आमने-सामने से आने वाले वाहनों, विशेषकर भारी वाहनों के आवागमन के दौरान दुर्घटना की आशंका बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों ने सड़क की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए संबंधित विभाग से तत्काल मामले की जांच की मांग की है। मामले में सबसे अहम सवाल यह है कि स्टेट हाईवे से लगी भूमि पर बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए संबंधित विभाग से अनुमति ली गई है या नहीं, साथ ही यह भी जांच का विषय है कि निर्माण हाईवे की निर्धारित सीमा के भीतर तो नहीं किया जा रहा। यदि निर्माण से हाईवे की सीमा या सड़क की चौड़ाई प्रभावित हो रही है तो जिम्मेदार विभाग द्वारा अब तक मौके पर निरीक्षण अथवा कार्रवाई क्यों नहीं की गई, इसे लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। थानीय लोगों का कहना है कि सड़क सुरक्षा से जुड़े इस मामले में किसी हादसे का इंतजार करने के बजाय संबंधित विभाग को तत्काल मौके का निरीक्षण करना चाहिए। निर्माण स्थल की वास्तविक स्थिति, हाईवे की सीमा और सड़क की चौड़ाई की जांच कर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण नियमों के विपरीत पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में यहां किसी बड़ी दुर्घटना की स्थिति निर्मित न होफिलहाल बाउंड्रीवाल निर्माण को लेकर उठे सवालों के बाद लोगों की निगाहें संबंधित विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं। विभागीय निरीक्षण के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि निर्माण निर्धारित नियमों और हाईवे की सीमा के अनुरूप किया जा रहा है अथवा नहीं।

न्यायालय परिसर में आयोजित हुआ मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

चिकित्सीय परामर्श के साथ औषधी का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



न्यायालय परिसर, आष्टा में मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा न्यायिक प्रणाली के कर्मचारियों अधिवक्ताओं एवं अन्य हितधारकों के स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण हेतु मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार संजीव कुमार अग्रवाल, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के निर्देशानुसार विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा, न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, न्यायाधीश मीनाक्षी रावत, न्यायाधीश नेहा तोमर सिंह, न्यायाधीश अमन सूलिया, कृपाल सिंह ठाकुर, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ आष्टा की उपस्थिति में तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सा परामर्श तथा आगे के उपचार/फॉलोअप संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध करवाया गया तथा चिकित्सकों द्वारा आवश्यक जांच के परीक्षण तथा चिकित्सीय परामर्श के साथ औषधी वितरण किया गया। पूर्व में 12 सितम्बर को 87 ब्लड सैंपल लिया गया था। जिसमें से 19 सितम्बर को 80 लोगों की स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिससे उन्हें अवगत कराया गया। न्यायालय परिसर में आयोजित किए गए मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर उपरांत प्रतिभागियों से फीडबैक प्रपत्र डी प्राप्त किया गया तदुपरांत मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित न्यायिक कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं हितधारकों को स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण हेतु मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लाभ लेने हेतु प्रेरित कर स्वास्थ्य जांच परीक्षण उपरांत आभा कार्ड का ऑनलाइन वितरण किया गया। इस अवसर पर मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. संतोष करांजा मेडिकल ऑफिसर, डॉ शाइनी अंजुम मेडिकल ऑफिसर, डॉ. देवेन्द्र बदाना मेडिकल ऑफिसर, तथा मेडिकल स्टाफ परमानंद वर्मा, अशोक परमार, संतोष वैध उपस्थित थे।

शासकीय माध्यमिक शाला में चित्रकला भाषण और निबंध प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत शासकीय माध्यमिक शाला कादूखेड़ी में चित्रकला भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष जगदीश जाट, मनोहर सिंह पचलासिया, जन शिक्षक सजन सिंह मालवीय उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने प्रमाण पत्र व परितोषित वितरण किया। इस अवसर पर शाला के समस्त छात्र-छात्राएं व शाला के प्रधानाध्यापक दिलीप सिंह पचलासिया, शिक्षक रमजान खान, महेंद्र सिंह पचलासिया, कुमारी माया मालवीय, शिक्षक लाडसिंह मालवीय आदि गण मान्य लोग उपस्थित रहे।